हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 23 फरवरी 2026

06 सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने लोगों को बांटा 16 करोड़...



08 भाकिसं ने रूपरेखा तय की 27 को आंदोलन...





## खबर संक्षेप

### नर्मदा दर्शन पुण्य फलदायी हैः आचार्य प्रमोदानंद



**माखननगर।** माखन नगर मंडी प्रांगण में संकुल परिवार द्वारा आयोजित श्री नर्मदा महापुराण कथा में तृतीय दिवस कथावाचक आचार्य प्रमोदानंद मां नर्मदा की महिमा का वर्णन किया जहां विभिन्न विवेक पवित्र नदियों में स्नान का महत्व है वहीं मां नर्मदा के दर्शन से ही पुण्य फल प्राप्त होता है मनोकामना की पूर्ति के लिए मां नर्मदा की पूर्णआस्था से श्रद्धालु परिक्रमा करते हैं। कथा श्रवण में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुभाष दुबे, जिला मंत्री चेतन राजपूत, माखन नगर प्रखंड अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रखंड मंत्री अशोक वर्मा ने शामिल हुए।

### आज होगी राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित

**नर्मदापुरम।** फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 अंतर्गत जिला नर्मदापुरम की चारों विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। तत्संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के रेवा कक्ष में 23 फरवरी सोमवार को सायं 05:30 बजे जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई हैं।

## सोहागपुर में एक्सीडेंटल पॉइंट बनता जा रहा है स्टेडियम के पास का तीखा मोड़

# पिपरिया-छिंदवाड़ा मार्ग पर बस हादसा स्टेयरिंग जाम बना कारण,15 घायल

छिंदवाड़ा मार्ग पर रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब पिपरिया से आ रही महाकाल बस झिरपा के पास स्टेयरिंग जाम होने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में चालक-परिचालक सहित करीब 15 यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

रविवार को पिपरिया से छिंदवाड़ा जा रही महाकाल बस एमपी 04 पीए 2644 झिरपा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि स्टेयरिंग फंसने के कारण बस अनियंत्रित होकर रानीखेड़ा के पास एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस चालक और कंडक्टर सहित करीब 15 लोग घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ घायलों को पिपरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य को एंबुलेंस से छिंदवाड़ा जिले के तामिया अस्पताल भेजा गया।



### स्टेयरिंग जाम होने से बिगड़ा संतुलन

झिरपा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह पवार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस की स्टेयरिंग अचानक फंस गई थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और बस पेड़ से टकरा गई।

बस कंडक्टर नानक राम, जो स्वयं भी घायल हुए हैं, ने बताया कि स्टेयरिंग जाम होने से बस बेकाबू हो गई थी। चालक सुक्कू को गंभीर चोटें आई हैं।

गांव के उप सरपंच राजदीप साहू सहित ग्रामीणों ने राहत कार्य में सहयोग किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पिपरिया अस्पताल के डॉक्टर शोभित जैन ने बताया



कि सात घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है, जिनमें से तीन को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

दुर्घटना में घायल हुए लोगों में अंजू 55, नरसिंहपुर, काजल 18, नरसिंहपुर, भगवती 70, काजल खेड़ी, शगुन 50, पिपरिया, योगेश नरसिंहपुर, अमर 35, पिपरिया और नानक राम 38, पिपरिया शामिल हैं।

### स्टेट हाईवे पर स्टेडियम के समीप तीखा मोड़ बना एक्सीडेंटल पॉइंट



**सोहागपुर।** शहर स्थित स्टेडियम के समीप हाईवे का तीखा मोड़ एक्सीडेंटल पॉइंट बनता जा रहा है। क्योंकि मोड़ पर दुकानों तथा नगर परिषद की फूटी पेयजल लाइन का पानी भरा रहता है। इस तरह रोड के शोल्डर व पिचिंग असुरक्षित हैं। नागरिकों के अनुसार उक्त मोड़ से आते जाते वाहनों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि कुछ बाइकर्स सड़क किनारे पानी में डूबे शोल्डर एवं पिचिंग में गिर चुके हैं। नागरिकों ने बताया कि मोड़ स्टेट हाईवे पर लगभग 90 अंश के कोण पर स्थित है। मोड़ पर चौराहा भी है, जहां कई दुकानें हैं एवं यात्री बसों का अस्थाई स्टापेज भी होता है। जिसके कारण यहां पूरे समय यातायात का भारी दबाव बना रहता है। और इस तरह मोड़ का पानी में डूबा अंदरूनी सिरा एक्सीडेंट पाइंट बनता जा रहा है। क्षेत्रवासियों की मांग है की समस्या के समाधान के प्रयास प्रशासन को करने चाहिए। व्यापारियों ने बताया कि समस्या समाधान की मांग भी की जा चुकी है, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

# तंबाकू पर बड़ा प्रहारः 316 लोगों पर की गई कार्रवाई 63,200 रुपए किए वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्कूलों और शासकीय अस्पतालों के सामने चल रही गुटखे-पॉउच की दुकानों से लोग स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली सामग्री खरीदकर अपनी सेहत खराब कर है। इन दुकानों पर युवा पीढ़ी भी बड़ी मात्रा में पहुंचती है। जो इनका सेवन कर गंभीर बीमारियों को अपने जीवन में ला रही हैं।

अब नर्मदापुरम पुलिस ऐसे सार्वजनिक स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों पर सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में धूम्रपान करते पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (कोटपा एक्ट) के तहत कुल 316 प्रकरण दर्ज किए गए तथा 63 हजार 200 रूपए का समन शुल्क वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त अवैध रूप से तंबाकू उत्पादों का विक्रय एवं भंडारण करने वालों की भी सघन जांच की गई। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून तोड़ने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

यह कार्रवाई एसपी साईं कृष्णा के निर्देशन में हुई है जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिकों को प्रतिबंधित की गई है। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापनों पर रोक। उल्लंघन की स्थिति में 200 रूपए से दस हजार रूपए का जुर्माना एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई का प्रावधान है।

### थानावार कार्रवाई

- कोतवाली 17 प्रकरण, 3,400 रूपए
- देहात 43 प्रकरण, 8,600 रू
- इटारसी 35 प्रकरण, 7,000 रूपए
- पथरोटा 14 प्रकरण, 2,800 रूपए
- केसला 20 प्रकरण, 4,000 रूपए
- तवा नगर 06 प्रकरण, 1,200 रूपए
- सिवनी मालवा 26 प्रकरण, 5,200 रूपए
- पिपरिया 22 प्रकरण, 4,400 रूपए
- स्टेशन रोड पिपरिया 25 प्रकरण, 5,000 रूपए
- सोहागपुर 25 प्रकरण, 5,000 रूपए
- माखन नगर 18 प्रकरण, 3,600 रूपए
- शैक्षणिक संस्थाओं से 100 मीटर की दूरी रखना जरूरी।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में गिद्ध गणना संपन्न, तीन दिन में दिखे 482 गिद्ध


हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में गिद्धों की शीतकालीन गणना का तीन दिवसीय कार्य रविवार को पूर्ण हुआ। तीन दिनों की गणना में रिजर्व क्षेत्र में कुल 482 गिद्ध देखे गए हैं। सभी आंकड़ों को दर्ज किया गया है।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सहायक संचालक एवं गिद्ध गणना कार्य नोडल अधिकारी आशीष खोबरागड़े ने बताया कि मध्य प्रदेश वन विभाग द्वारा वर्ष में दो बार गिद्धों की गणना की जाती है। यह गणना ग्रीष्मकालीन तथा शीतकालीन कही जाती है। इस वर्ष की शीतकालीन गणना की शुरुआत 20 फरवरी 2026 को प्रारंभ की गई थी। जिसका समापन रविवार 22 फरवरी 2026 को हुआ है। उन्होंने बताया कि शीतकालीन सत्र के इस गणना में कल 482 गिद्ध देखे गए हैं। साथ ही कल 397 घोंसले देखे गए। गणन दौरान देसी गिद्ध जिसे लॉन्ग बिल्ड वल्चर कहा जाता है, यह देखा गया। इसके अलावा व्हाइट रंप्ड वल्चर,



इजिप्शियन वल्चर, चमर गिद्ध व सफेद पीठ वाले गिद्ध देखे गए। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकीय तंत्र के लिये गिद्ध अति महत्वपूर्ण घटक हैं, जो कि प्राकृतिक रूप से मृत पशुओं के अपघटन में सहायक होते हैं। साथ ही गिद्ध पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा गिद्ध संरक्षण एवं उनके आवासों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। जिसमें सफलता भी प्राप्त हो रही है।



### ये रहे तीन दिन के आंकड़े

रिजर्व से प्राप्त जानकारी अनुसार शीतकालीन गणना के प्रथम दिवस 203 तथा द्वितीय दिवस 79 गिद्ध देखे गए। जबकि तृतीय दिवस 195 गिद्ध देखे गए। साथ ही तृतीय दिवस की गणना के दौरान वन परिक्षेत्र सामान्य इटारसी में पांच गिद्ध देखे गए। इस तरह कुल 482 गिद्ध तीन दिवसीय गणना कार्य दौरान देखे गए हैं। नोडल अधिकारी आशीष खोबरागड़े ने कहा कि गिद्ध के कुल 397 घोंसले देखे गए, जिसमें 323 सक्रिय तथा 74 घोंसले निष्क्रिय देखे गए। सक्रिय घोसलों की अधिक संख्या रिजर्व क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण की दिशा में किए जाते कार्यों के सफल परिणाम का प्रमाण बन गए हैं।

### मध्य प्रदेश में सात प्रजातियां

मप्र वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश में गिद्धों की कुल सात प्रजातियां पाई जाती हैं। जिनमें से चार प्रजातियां स्थानीय हैं एवं तीन प्रजातियां प्रवासी हैं। प्रवासी प्रजातियों के गिद्ध ठंड के समाप्त होते ही वापस अपने मूल स्थान पर चले जाते हैं। जानकारी अनुसार प्रथम चरण की गणना तब की जाती है जब सभी प्रजातियों के गिद्ध घोसला बनाकर अपने अंडे दे चुके होते हैं, या देने की तैयारी में होते हैं। फरवरी माह आने तक अंडों से नवजात गिद्ध निकल चुके होते हैं। इसलिए गणना करने के लिए शीत ऋतु का अंत समय उचित होता है। ताकि स्थानीय तथा प्रवासियों गिद्धों की गणना हो सके।

# बच्चा चोरी की अफवाह से मचा हड़कंप, 9 लोगों को भीड़ ने पकड़ा, थाने लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मालाखेड़ी रोड स्थित गोल्डन सिलिकोन गेट के पास रविवार दोपहर करीब 12 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय लोगों ने बच्चा चोरी के संदेह में 9 महिला-पुरुषों को पकड़ लिया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति बिगड़ती देख लोगों ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को थाने ले गई।

### पुलिस ने बताया अफवाह

पुलिस के अनुसार पकड़े गए लोगों में 5 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। उनके साथ तीन नाबालिग बच्चियां और एक नाबालिग बच्चा भी था। क्षेत्र में अज्ञात लोगों के घूमने की सूचना पर कुछ लोगों को शक हुआ और उन्हें रोक लिया गया। पूछताछ के दौरान संबंधित लोगों ने अपने आधार कार्ड दिखाए और बताया कि वे



औबेदुल्लागंज के निवासी हैं तथा भीख मांगकर गुजारा करते हैं। उनका कहना था कि वे फिलहाल गुप्ता ग्राउंड में ठहरे हुए हैं और शहर में घूमकर भीख मांग रहे थे।

एसआई हेमंत निशोद ने बताया कि सभी से थाने में पूछताछ की गई है और दस्तावेजों की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में बच्चा चोरी जैसा कोई मामला सामने नहीं आया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें और संदेह की स्थिति में सीधे पुलिस को सूचना दें।

# नन्हे कंधों पर भविष्य के सपने, स्कूल में दीक्षांत समारोह की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बचपन की मासूमियत जब शैक्षणिक सफलता के पहले पड़ाव पर पहुंचती है, तो उत्साह का दोगुना होना स्वाभाविक है। स्थानीय शांति निकेतन स्कूल में सीनियर मॉन्टेसरी के नन्हें विद्यार्थियों के लिए 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' (दीक्षांत समारोह) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह उन नौनिहालों के नाम है, जो अपनी प्री-प्राइमरी शिक्षा पूर्ण कर अब औपचारिक प्राथमिक शिक्षा की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं।

इस गौरवमयी अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। साथ ही, कार्यक्रम में प्रफुल तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर नन्हें स्नातकों का मार्गदर्शन करेंगे।

### प्रमाण पत्र किए वितरित

प्रमाण पत्र वितरणः स्कूल की पारंपरिक 'कैप और गाउन' पोशाक में सजे नन्हें बच्चों को अतिथियों द्वारा उपाधियाँ और प्रमाण पत्र भेंट किए जाएंगे। कार्यक्रम को जीवंत बनाने के लिए नन्हें कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो उनके भीतर छुपी कला और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करेंगी।

बच्चों में सीखने की ललक और नई चुनौतियों का सामना करने का साहस भरता है।

# भोपाल में कांग्रेस के खिलाफ भाजयुमो के प्रदर्शन, पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दिल्ली में आयोजित एआई इंपेक्ट सम्मिट में राहुल गांधी के इशारों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भारत को बदनाम करने की साजिश के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भोपाल में जंगी विरोध प्रदर्शन कर रोष जताया। यह प्रदर्शन मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नेतृत्व में हुआ। इस प्रदर्शन में नर्मदा पुरम जिले से भी भाजयुमो कार्यकर्त्ता भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा के नेतृत्व में शामिल हुए। इस प्रदर्शन में नर्मदापुरम नगर से भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेन्द्र राठौड़, मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल , जिलामंत्री गौरव नायक,प्रशांत तिवारी, विशाल दीवान, दुर्गेश मिश्रा, ऋषभ शुक्ला,प्रवेश सोनी, कृतिक शिवहरे,सागर संतोरे, दिलीप मांझी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## प्रागेतिहासिक से ऐतिहासिक काल तक के शैलचित्र सुरक्षित हैं यहां....

# बड़ी पहाड़िया : प्रागेतिहासिक मानव सभ्यता का जीवंत साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विंध्य क्षेत्र की गोद में स्थित बड़ी पहाड़िया प्रागैतिहासिक मानव की सृजनशीलता, जीवन शैली और तकनीकी दक्षता का महत्वपूर्ण केंद्र रही है। यह स्थल शहरी कोलाहल से दूर प्राकृतिक परिवेश में अवस्थित है तथा प्राचीन मानव गतिविधियों का सशक्त प्रमाण प्रस्तुत करता है। यह क्षेत्र विंध्य पर्वतमाला का हिस्सा है, जो आदिम मानव के निवास एवं सांस्कृतिक विकास का प्रमुख आधार रहा है।

वर्ष 1960–61 में किए गए वैज्ञानिक उत्खनन में यहां से पाषाण कालीन बड़े एवं लघु उपकरणों की उल्लेखनीय मात्रा प्राप्त हुई। उपकरणों की बहुलता से यह संकेत मिलता है कि यह स्थल संभवतः आदिमानवों का उपकरण निर्माण केंद्र (वर्कशॉप साइट) रहा होगा। प्राप्त अवशेषों में प्राचीन तकनीकी





कौशल और संसाधनों के उपयोग की स्पष्ट झलक मिलती है।

### शैलाश्रय और शैलचित्र परंपरा

यहां कुल 18 शैलाश्रय पाए गए हैं, जिनमें प्रागैतिहासिक से ऐतिहासिक काल तक के शैलचित्र सुरक्षित हैं। ये चित्र उस समय के सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक जीवन को प्रतिबिंबित करते हैं।

चित्रों की विषयवस्तु में वन्य जीव



वृषभ, गज, अश्व, सिंह, हिरण तथा जिराफ शामिल है। इसके अलावा मानव आकृतियां योद्धा, नर्तक, वादक,गजारोही एवं अश्वारोही दृश्य,अनुष्ठानिक टोंटीदार पात्र शामिल है।

**विशेषतः** शैलाश्रय क्रमांक 10 में सर्वाधिक चित्रांकन प्राप्त हुआ है। जिराफ समूह का चित्रण अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जो प्रागैतिहासिक कला के विशिष्ट उदाहरणों में सम्मिलित है। चित्र निर्माण में प्राकृतिक ख नि ज रंगों जैसे हेमेटाइट लाल गेरू, चूना तथा अन्य खनिज पदार्थों का प्रयोग किया गया। इन रंगों को प्राकृतिक गोंद एवं पशु चर्बी के साथ मिश्रित कर पाषाण सतह पर अंकित किया गया। चित्रण हेतु पेड़ों के रेशों अथवा पशुओं के बालों से निर्मित कूची का उपयोग किया जाता था।

### पुरातात्विक केंद्र हैं

यद्यपि वर्षा एवं धूप के प्रभाव से अनेक चित्र क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, फिर भी यह स्थल प्रागैतिहासिक मानव की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, तकनीकी दक्षता और कलात्मक चेतना का जीवंत साक्ष्य प्रस्तुत करता है। बड़ी पहाड़िया न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि मानव सभ्यता के आद्य चरणों को समझने का एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक केंद्र भी है।

# मां नर्मदा की अविरल धारा को बचाने मातृ शक्तियों का संकल्प, किनारे पर चल रहा स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा के दर्शन मात्र से ही जीवन धन्य हो जाता है, किंतु इसकी पवित्रता को अक्षुण्ण रखना हम सबका परम कर्तव्य है। इसी भावना के साथ अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्तिओं ने रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान विगत तीन वर्षों से निरंतर चल रहा है। मातृ शक्तियों ने मां नर्मदा की अविरल धारा बहती रहे इसका संकल्प लिया है और स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान ममता तिवारी, प्रीती खरे, मनोज वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, रश्मि सक्सेना, विजय वर्मा, लालता प्रसाद, केशव वर्मा, और सी.बी. खरे सहित बड़ी संख्या



में श्रद्धालु उपस्थित थे।अभियान के दौरान उपस्थित सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि नर्मदा न केवल हमारी जीवनदायिनी है, बल्कि यह विश्व स्तर पर एक आध्यात्मिक केंद्र भी है। उन्होंने कहा यह वही तट है जहां महान ऋषि-मुनियों ने कठोर तपस्या की है। फूल-माला और पूजन सामग्री को जल में डालना स्वच्छता के विरुद्ध है। उन्होंने कहा नर्मदा को सुंदर बनाए रखना केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि हर नागरिक का उत्तरदायित्व है।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अगले दिन, घाटों पर विसर्जित की गई पूजन सामग्री फूल-मालाओं का अंबार भी इन्होंने हटाया था।

## खबर संक्षेप

### खेत में करंट से किसान की मौत, बेटे और भाई हुए घायल

**भौंरा।** पुलिस चौकी भौंरा अंतर्गत ग्राम कुसमेरी में रविवार को खेत में काम करते समय करंट लगने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसे बचाने पहुंचे उसके बेटे और भाई घायल हो गए। घटना से गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम कुसमेरी निवासी 55 वर्षीय सुरेश इवने अपने खेत में पानी देने के लिए लगी मोटर के पास कार्य कर रहे थे। इसी दौरान मोटर से जुड़े बिजली के तार में अचानक करंट आ गया,जिसकी चपेट में आने से सुरेश गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें बचाने के प्रयास में उनका पुत्र धर्म सिंह तथा भाई सुमत भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गए। परिजन एवं ग्रामीण तत्काल उन्हें बाहर निकालकर उपचार के लिए ले गए, लेकिन सुरेश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही भौंरा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। घायलों का उपचार जारी है। भौंरा पुलिस चौकी प्रभारी नीरज खरे ने बताया कि खेत में पानी की मोटर के लिए अस्थायी रूप से बिजली के तार लगाए गए थे, जिनमें करंट प्रवाहित होने से यह हादसा हुआ। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### पूर्व सैनिक समिति वार्षिक मिलन समारोह

**बैतूल।** क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज पूर्व सैनिक समिति ने चतुर्थ वार्षिक मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज के जिले के सभी सैनिक परिवारों ने हिस्सा लिया। वर्ष 2025 में सेना की अपनी सेवा पूर्ण करने वाले सैनिकों, वीर नारी एवं प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री राजेश जी बारस्कर ने सभी सैनिक परिवारों को संगठित रहने एवं समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। साथ ही समस्त अतिथियों का धन्यवाद एवं सैनिक परिवारों को शुभकामनाएं प्रदान की । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री प्रवीण जी ठाकरे, अध्यक्ष क्ष. लो. कु. स. जिला संगठन, सिद्धलता महाले, अध्यक्ष, महिला संगठन, मुन्ना जी मानकर, अध्यक्ष सेवा संगठन, संचालक गुरुकृपा हास्पिटल बैतूल एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए।

### भव्य सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन

**मुलताई।** नेहरू वार्ड स्थित कामधेनू नगर में हनुमान जी के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समस्त कामधेनू नगरवासियों द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। आयोजकों में प्रमुख रूप से गणेश साहू, सोनू साहू, रामप्रसाद देशमुख, नंदू पवार, कमल पवार, चंदन भैया, पंकज बिहारे, ललित साहू एवं शेखर साहू शामिल रहे। उन्होंने बताया कि हनुमान जी के स्थापना दिवस पर प्रतिवर्ष भव्य सुंदरकांड का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

विभाग अब नया बनाने पर कर रहा विचार, डीपीआर तैयार, अप्रूवल के लिए भेजा

# समस्याः ताप्ती बैराज की क्षतिग्रस्त कि-वॉल से बह रहा है पानी




हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

खेड़ी ताप्ती नदी पर बने बैराज की क्षतिग्रस्त कि-वॉल की अब तक मरम्मत नहीं हो पाई है, जिसके कारण क्षतिग्रस्त हिस्से से पानी बह रहा है। यदि इस संबंध में जल्द ही निर्णय और ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में भी बैराज की मरम्मत अधर में ही लटकी रहेगी। दरअसल वर्ष 2018 में अमृत योजना के अंतर्गत खेड़ी स्थित ताप्ती नदी पर इस बैराज का निर्माण नगरपालिका द्वारा 6 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से कराया गया था। निर्माण कार्य रायपुर की चंद्रा निर्माण कंस्ट्रक्शन कंपनी ने किया था, लेकिन निर्माण के महज पहले ही साल में ताप्ती नदी में आई बाढ़ ने बैराज की कि-वॉल का एक हिस्सा बहा दिया था। बारिश के बाद से इसके सभी गेट बंद कर दिए गए है। लेकिन क्षतिग्रस्त हिस्से से अतिरिक्त पानी बहकर निकल रहा है। जानकार कहते है कि वॉल की मरम्मत का यह मामला केवल एक संरचना की मरम्मत का नहीं, बल्कि शहर के लिए जल संरक्षण और प्रशासनिक जवाबदेही का भी है, जिस पर अब भी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि ताप्ती बैराज बनाने के कारण अगस्त 2020 में इसके बगल में कटाव हो गया था। नगरपालिका बैतूल इस कटाव को भरने के नाम पर 5 साल में 15 लाख रुपए की राशि मरम्मत पर खर्च कर चुकी है। लेकिन कटाव नहीं भर पाया है और अब भी पानी बह रहा है। इतने पानी से शहर में कई दिन पानी की सप्लाई हो सकती थी। नपा और जल संसाधन दोनों ही विभाग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। जबकि बैराज की क्षतिग्रस्त वॉल की मरम्मत के लिए राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। फिर भी काम में लेट लतीफी की जा रही है।

### अमानत राशि रोककर कराई थी मरम्मत, वह भी नहीं टिक पाई

नगरपालिका बैतूल ने क्षति के बाद ठेकेदार की अमानत राशि रोककर अस्थायी मरम्मत कराई, जिस पर करीब 10 लाख रुपए खर्च हुए थे, लेकिन यह मरम्मत अगली बाढ़ में ही बह गई, जिससे किसानों के खेतों में मिट्टी का कटाव और बढ़ गया। इसके बाद लोहे की जालियां, पत्थर और मिट्टी डालकर एक और अस्थायी संरचना खड़ी की गई, जिस पर करीब 5 लाख रुपए खर्च किए गए। यह प्रयास भी ताप्ती नदी के तेज बहाव के सामने टिक नहीं सका। अब हालात यह है कि बैराज की क्षतिग्रस्त कि-वॉल से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे जल संग्रहण क्षमता प्रभावित हो रही है। यहां उल्लेखनीय है कि ताप्ती बैराज में कुल 18 गेट लगे है और इसकी ऊंचाई 7 मीटर है। जिसका निर्माण शहर की जलापूर्ति को सुरक्षित और स्थायी बनाने के लिए किया गया था, लेकिन बैराज आज खुद प्रशासन की लापरवाही का शिकार बन चुका है।

### राशि स्वीकृत होने के बाद भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं

खेड़ी स्थित ताप्ती नदी पर बने बैराज की क्षतिग्रस्त कि-वॉल की मरम्मत को लेकर नगरपालिका और जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के बीच जिम्मेदारी का पेंच लगातार गहराता जा रहा है। हालात यह हैं कि स्टेट लेवल टेक्निशियन कमेटी (एसएलटीसी) द्वारा करीब एक साल पहले ही बैराज की मरम्मत की जिम्मेदारी डब्ल्यूआरडी को सौंप दी गई थी और अमृत योजना के तहत लगभग 4 करोड़ रुपए की राशि भी स्वीकृत हो चुकी है, इसके बावजूद आज तक जमीनी स्तर पर मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पाया है। यह स्थिति प्रशासनिक उदासीनता और आपसी समन्वय की कमी को उजागर करती है। जानकार कहते है कि बारिश के पहले क्षतिग्रस्त वॉल की मरम्मत नहीं हुई, तो पानी बहकर निकल जायेगा और नगरपालिका को अतिरिक्त पानी खरीदना पड़ेगा। जिससे नगरपालिका पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

**काम शुरू होगा**

बैराज के लिए डीपीआर बनाकर भेज दी है। अप्रूवल के लिए भी भेज दिया है। संभावना तो है कि शायद बारिश के पहले काम शुरू हो जायेगा।

**भूपेन्द्र सूर्यवंशी, एसडीओ,** जल संसाधन विभाग बैतूल

जल संसाधन विभाग डीपीआर बना रहा है। एक नया स्टॉफ डेम बनाया जाएगा। यह पूरा नया प्रोजेक्ट है। जिसकी लागत 19 करोड़ के आसपास रहेगी। डब्ल्यूआरडी के विशेषज्ञों ने बताया कि मरम्मत के बजाए नया बनाना ही उचित रहेगा। यह काम डब्ल्यूआरडी ही कर रहा है वहीं टेंडर लगवाकर नया बनवाएंगे।

**सतीश मटसेनिया, सीएमओ,** नगरपालिका बैतूल

ग्रामीणों ने विधायक का माना आभार

## आष्टा से अमरावती घाट तक 2.20 किमी सड़क स्वीकृत



**मुलताई।** आष्टा से अमरावती घाट तक 2.20 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण को प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक चंद्रशेखर देशमुख के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रभात पट्टन एवं अमरावती घाट के ग्रामीण, प्रभात पट्टन मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़ के नेतृत्व में विधायक देशमुख के निवास ग्राम परसोडी पहुंचे और स्वीकृति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में मुलताई विधानसभा क्षेत्र के लिए दो महत्वपूर्ण सड़कों—मोही से पिसाटा तथा आष्टा से अमरावती घाट मार्ग—के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति विधायक देशमुख के प्रयासों का परिणाम है। आष्टा से अमरावती घाट सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में हो रही समस्याओं से राहत मिलेगी तथा यातायात सुगम होगा।

इस अवसर पर मनोज देशमुख (महामंत्री), पूर्व जनपद सदस्य रोशन पटेल देशमुख, पूर्व महामंत्री मंगल नरवरे, देवेंद्र सातपुते, मंडल उपाध्यक्ष बूथ अध्यक्ष विजय देशमुख, शिवशंकर देशमुख, राजू सातपुते, कमलेश बनकर, सुरेश बारमासे, अक्षु पवार, मारुति लोखंडे, आनंदराव देशमुख, भीमराव देशमुख, साहेबराव देशमुख, रमेश साकरे, धर्मेंद्र सातपुते, अरुण गायधने, लखन नाडेकर एवं विश्वेश्वर नाडेकर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सभी निकाय संवेदनशील

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि नगर बैतूल में हाल ही में दूषित जल प्रदाय के संबंध में स्पष्ट किया कि विगत दिनों इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। गत 18 फरवरी को नगर पालिका बैतूल के जल शोधन केंद्र पर जल शोधन प्रक्रिया के दौरान एक कर्मचारी द्वारा 15 लाख लीटर पानी में 150 किलोग्राम एलम के स्थान पर 175 किलोग्राम एलम का उपयोग कर दिया गया। इस त्रुटि को प्लांट के सब-इंजीनियर ने तत्काल नोटिस में लिया और सतर्कता के तौर पर उक्त जल को पुनः एनीकट में प्रवाहित कर दिया, ताकि उसका पुनः उपचार कर सुरक्षित उपयोग किया जा सके। सब-इंजीनियर ने आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए त्वरित निर्णय लिया। उपयोग की गई एलम की मात्रा इतनी अधिक नहीं थी कि इससे स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़े, इससे केवल पानी के स्वाद में हल्का कड़वापन आने की संभावना रहती। अगले दिन की जलापूर्ति के बाद किसी भी नागरिक द्वारा स्वास्थ्य संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। पेयजल की गुणवत्ता को लेकर जिले के सभी नगरीय निकाय संवेदनशील हैं। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि दोबारा न हो, इसके लिए संबंधित कर्मचारी को जल शोधन केंद्र से हटा भी दिया गया है।

मध्यप्रदेश बजट पर विजय भवन में पत्रकारवार्ता संपन्न

## मध्यप्रदेश का बजट गरीब, युवा, नारी और किसानों की समृद्धि का मार्ग करेगा प्रशस्तः हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में मध्यप्रदेश के बजट पर पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि यह बजट विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के साथ जनकल्याण को नई ऊंचाई देगा। मध्यप्रदेश का प्रस्तुत बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा बताई गई चार जातियां, गरीब, युवा, नारी और किसानों की समृद्धि का मार्ग और प्रशस्त करेगा।

यह बजट मध्यप्रदेश के समग्र विकास व सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का दृष्टिपत्र है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने पूंजीगत व्यय को बजट में बढ़ाया है, जिससे मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना साकार होगी। इस ऐतिहासिक बजट के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूंजीगत व्यय बढ़ाने से मध्यप्रदेश के भविष्य को सशक्त बनाएगा बजट श्री खण्डेलवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने 4,38,317 करोड़ का बजट




प्रस्तुत किया है। बजट में स्वयं के व्यय से 1,17,667 करोड़ का राजस्व प्राप्त का लक्ष्य है। केंद्र सरकार से 1,12,137 करोड़ प्राप्त होंगे। राज्य के स्वयं के कर राजस्व में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि से स्पष्ट है कि यह बजट प्रदेश के भविष्य को और सशक्त बनाने वाला है। पिछले वर्ष के अपेक्षा में पूंजीगत व्यय में 7.5 फीसदी की वृद्धि की गई है, जिससे प्रदेश का सर्वांगीण विकास और सशक्त होगा। श्री खंडेलवाल ने बताया कि अनुसूचित जनजाति विभाग के बजट में 25.8 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 47,429 करोड़ का प्रावधान किया गया है, वहीं अनुसूचित जाति विभाग के बजट में भी 17 प्रतिशत की वृद्धि कर 31,192 करोड़ का प्रावधान किया गया है। बजट में एक लाख सोलर पंप किसानों को देने की तैयारी की गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य रखा गया है और फसल बीमा के लिए 1300 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि सिंचाई व्यवस्था का विस्तार, बेहतर बिजली आपूर्ति, पारदर्शी फसल खरीद, भावांतर योजना का संरक्षण और प्राकृतिक प्रकोप में त्वरित मुआवजा के माध्यमों से अन्नदाता को सबल और सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इन प्रावधानों से किसान समृद्ध होगा और मध्यप्रदेश विकसित राज्य बनेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने दूरदर्शी सोच के साथ बजट प्रस्तुत किया है। यह बजट सशक्त मध्यप्रदेश की नींव को और मजबूती देगा। बजट में हर वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ह्यलाड़ली बहना योजनाह्व के लिए 23,882 हजार करोड़ से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। साथ ही कामकाजी महिलाओं के लिए 5700 महिला हॉस्टल के निर्माण तथा उनकी सुरक्षा और पेंशन पर विशेष जोर दिया गया है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 25 हजार करोड़ के ऋण प्रावधान किया गया है। साथ ही खेलों के विकास के लिए 815 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है। श्री खंडेलाल ने बताया कि आंगनवाड़ियों में बच्चों को पोषण आहार को और पुख्ता करने के लिए ट्रेटा दूध दिया जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 23 हजार करोड़ का प्रावधान कर चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इसके साथ ही 72 नई ई-बस सेवाओं की शुरुआत कर शहरी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। पत्रकारवार्ता के दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, जिला मीडिया प्रभारी सूर्यदीप त्रिवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने लोगों को बांटा 16 करोड़ का कर्ज

### युवा लोन से अच्छी शिक्षा और सुख सुविधाएं हासिल कर सकेंगे





हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

स्थानीय आर्थिक विकास और वित्तीय समावेशन को गति देने की दिशा में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने बैतूल में मेगा रिटेल क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर एक ही दिन में 16 करोड़ रुपए के खुदरा ऋण मंजूर और वितरित किए है। गुरुद्वारा रोड स्थित बैतूलगंज शाखा में आयोजित इस ऋण शिविर में पूरे बैतूल जिले से आए लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न श्रेणियों के ऋणों की स्वीकृति दी गई और सैंक्शन लेटर प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में अग्रणी व्यवसायी निलय डागा मुख्य अतिथि बतौर उपस्थित रहे। उनके साथ रजत मिश्रा क्षेत्रीय प्रमुख होशंगाबाद, अजीत झा डीआरएम, आशुतोष सिंह अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) तथा राजीव रंजन झा मुख्य प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैतूल शाखा, दिग्विजय सिंह चीफ मैनेजर एवं नितिन ढोके ब्रांच मैनेजर बैतूल गंज सहित जिले की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रमुख मौजूद रहे। जिले के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में सम्मानित ग्राहक और संभावित ऋण आवेदक भी शिविर में शामिल हुए।

आउटरीच कार्यक्रम विशेष रूप से जिले के निवासियों को परेशानी-मुक्त और त्वरित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। शिविर स्थल पर ही आवेदनों की प्रोसेसिंग कर सीधे ऋण स्वीकृत किए गए। कुल 16 करोड़ रुपए के वितरण में होम लोन के माध्यम से आवास खरीदने के इच्छुक लोगों को सहायता दी गई। वाहन ऋण से व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक परिवहन को प्रोत्साहन मिला, एजुकेशन लोन से छात्रों की शैक्षिक जरूरतों को समर्थन मिला तथा गोल्ड लोन के जरिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए तत्काल नकदी उपलब्ध कराई गई। उपस्थित अधिकारियों ने ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग और बैतूल क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्य अतिथि निलय डागा ने कहा कि 16 करोड़ रुपए का यह तत्काल वित्तीय प्रवाह जहां परिवारों को सशक्त करेगा वहीं स्थानीय बाजार में आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्रदान करेगा। कार्यक्रम का समापन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण के साथ हुआ। बैंक प्रबंधन और जिले के नागरिकों के लिए यह शिविर वित्तीय पहुंच को मजबूत करने वाला सफल आयोजन साबित हुआ।

## बडोरा में सुनी गई मन की बात



**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण रविवार को बडोरा में किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जहां बड़ी संख्या में नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, प्रभारी मंत्री एवं मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, पूर्व विधायक शिव प्रसाद राठौर, सरपंच सविता धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मन की बात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में आयोजित अ्र र४्र* का उल्लेख करते हुए अमूल के बूथ पर प्रदर्शित तकनीकी नवाचारों के माध्यम से पशुपालन एवं डेयरी प्रबंधन में एआई की उपयोगिता तथा भारतीय पांडुलिपियों और प्राचीन ज्ञान के संरक्षण में आधुनिक तकनीक के योगदान को रेखांकित किया। आगामी होली पर्व की शुभकामनाओं के साथ प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से वोकल फॉर लोकल को जनभागीदारी का अभियान बनाकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने का भी आह्वान किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी ने बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थियों का मनोबल भी बढ़ाया।

नगरीय प्रशासन आयुक्त ने बैतूल में ट्रेंचिंग ग्राउंड का किया निरीक्षण

# बैतूल जिले के ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या प्रदेश में उठी

### ग्राउंड से कचरा हटाने और स्थाई समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩ बैतूल

शहर के गौठाना क्षेत्र में स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड से बदबू उठने का मामला प्रदेश स्तर पर गूंजा। इस पर नगरीय प्रशासन आयुक्त की टीम ने न केवल ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया, बल्कि रहवासियों से चर्चा कर दो सप्ताह में इस मामले में राहत दिलाए जाने का आश्वासन भी दिया। दरअसल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल से ट्रेंचिंग ग्राउंड के आसपास रहने वाले लोगों ने ग्राउंड में इकट्ठा किए कचरे का निष्पादन नहीं होने और बदबू आने की शिकायत की थी, लंबे समय से की जा रही की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र के लोग नाराज थे, बार-बार यह मामला श्री खंडेलवाल के सामने आने पर उन्होंने नगरीय प्रशासन आयुक्त से इसकी कड़ी शिकायत की। इस नगरीय प्रशासन आयुक्त की टीम ने शनिवार को बैतूल पहुंचकर ट्रेंचिंग ग्राउंड की स्थिति देखी और लोगों से चर्चा कर उन्हें दो सप्ताह में कचरे के निष्पादन और बदबू से निजात दिलाने का कहा।

### टीम ने देखी कचरा संकलन से लेकर निष्पादन की व्यवस्था



नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे और टीम ने निरीक्षण के दौरान ट्रेंचिंग ग्राउंड की शिकायत की जांच की और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे के संकलन एवं पुनर्चक्रण से संबंधित निर्धारित योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी का निरीक्षण करते हुए स्थानीय रहवासियों से चर्चा भी की।

### नगरपालिका को ट्रेंचिंग ग्राउंड में बायो-ट्रीटमेंट कराने के दिए निर्देश

गौठाना क्षेत्र के रहवासियों ने बदबू की समस्या बताने पर आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगरपालिका को ट्रेंचिंग ग्राउंड में बायो-ट्रीटमेंट कराने के निर्देश दिए, ताकि तात्कालिक रूप से दुर्गंध की समस्या का समाधान हो सके। स्थानीय लोगों ने वायु प्रदूषण, आवारा कुत्तों की समस्या तथा अन्य परेशानियों से भी अवगत कराया, जिस पर आयुक्त ने जल्द ही उचित निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### कॉन्ट्रैक्टर और अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री भोंडवे के ट्रेंचिंग ग्राउंड के निरीक्षण के बाद कलेक्टर निवास पर विधायक श्री खंडेलवाल ने आयुक्त नगरीय प्रशासन श्री भोंडवे के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड के सम्बन्ध में चर्चा की। आयुक्त श्री भोंडवे ने कहा कि शिकायतों पर कॉन्ट्रैक्टर और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विधायक खंडेलवाल के स्थानीय रहवासियों की समस्या पर आश्वस्त किया कि 3 से 4 दिन में ट्रेंचिंग ग्राउंड से दुर्गंध की समस्या का समाधान करने और दो सप्ताह के अंदर कचरा हटाने के निर्देश दिए। आवारा कुत्तों और मवेशियों पर भी अंकुश लगाया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन तथा नगर पालिका के अधिकारी उपस्थित थे।



विधायक की शिकायत पर प्रशासन की टीम पहुंची बैतूल

**खबर संक्षेप**

### एकलव्य वेयरहाउस को ब्लैकलिस्टेड किया

**नर्मदापुरम।** 4 करोड़ 22 लाख 21 हजार 710 रुपए की 9899 बोरी मूंग गायब (चोरी) पाए जाने के मामले में माखन नगर स्थित एकलव्य वेयरहाउस को आगामी आदेश तक भंडारण व्यवस्था से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में वेयरहाउस संचालक सहित अधिकृत प्रतिनिधि एवं चौकीदार के विरुद्ध एफआईआर की कार्यवाही भी की गई थी। उक्त संबंध में संचालक से पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था किंतु उत्तर ना प्रस्तुत किए जाने की दशा में वेयरहाउस को आगामी आदेश तक भंडारण व्यवस्था से पृथक कर ब्लैकलिस्टेड किया गया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से सतना के युवक की मौत

**इटारसी।** जिले के रामपुर गुर्रा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से 31 वर्षीय युवक की दुखद मृत्यु हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जान लेने का मामला दर्ज किया है। घटना मेन रोड स्थित रेत स्टॉक के सामने, पेट्रोल पंप के पास हुई। मृतक की पहचान सहेन्द्र पिता शंभू रावत 31 वर्ष, निवासी रघुराजन नगर, जिला सतना के रूप में हुई है। चश्मदीदों के अनुसार, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 5 एएच 1601 के चालक ने वाहन को अत्यंत तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी।

## विद्यालय में आगजनी से हड़कंप, दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

# सरकारी स्कूल में असामाजिक तत्वों ने रिकॉर्ड रूम और कार्यालय को आग के हवाले किया

ग्राम हिरनखेड़ा स्थित शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार तड़के अज्ञात असामाजिक तत्वों ने ताले तोड़कर कार्यालय व रिकॉर्ड रूम में आग लगा दी। घटना में महत्वपूर्ण दस्तावेज और फर्नीचर जलकर खाक हो गए, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



समीपस्थ ग्राम हिरनखेड़ा के शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार तड़के अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। अराजक तत्वों ने न केवल स्कूल के ताले तोड़कर भीतर प्रवेश किया, बल्कि कार्यालय और रिकॉर्ड रूम में तोडफ़ोड़ कर आग लगा दी। इस घटना में स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज और फर्नीचर जलकर खाक हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है।

### तड़के 4 बजे दिया घटना को अंजाम

जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह करीब 4 बजे की है। ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात उपद्रवियों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और स्कूल के मुख्य कार्यालय एवं रिकॉर्ड रूम को निशाना बनाया। जब आसपास के लोगों ने स्कूल परिसर से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं, तब घटना का खुलासा हुआ। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक स्कूल की महत्वपूर्ण फाइलें, शैक्षणिक रिकॉर्ड, टेबल-कुर्सियां और अन्य शासकीय सामग्री जलकर स्वाहा हो चुकी थी।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह करीब 9:30 बजे धर्मकुंडी-इटारसी मार्ग पर हिरनखेड़ा में चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि स्कूल परिसर में प्रकाश की उचित व्यवस्था न होने के कारण यहां रात के समय गहरा अंधेरा रहता है, जिसका लाभ उठाकर असामाजिक तत्व ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से निम्नलिखित मांगें रखीं कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, स्कूल परिसर में पर्याप्त प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### पुलिस और प्रशासन का आश्वासन

चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया, जिसके बाद जाम खोला गया। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया है और पुलिस साक्ष्य जुटाकर अज्ञात तत्वों की तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## शिवरात्रि मेला समाप्त हुए दो दिन बीते, अब तक फैला है कचरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव मंदिर परिसर में इस वर्ष महा शिवरात्रि पर पांच दिवसीय मेला आयोजित किया गया था। मेला 19 फरवरी को समाप्त हो गया है, लेकिन परिसर में फैली गंदगी को अब तक नप द्वारा साफ नहीं किया गया है, जिससे नागरिक परेशान हैं।

मेला परिसर के आसपास के रहवासियों एवं परिसर के समीप बने चार मंदिरों में नियमित ही जाने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि तीन दिनों से आसपास फैला कचरा हवा से उड़कर मंदिर तक पहुंच रहा है। साथ ही स्टेट हाईवे पर कचरा फैल रहा है। जिसकी सूचना नगर परिषद सोहागपुर को दी जा चुकी है। लेकिन फिर भी सफाई नहीं कराई जा रही है। जिससे नागरिकों में नाराजगी है एवं घरों तक पहुंचते कचरे से जनता पीड़ित भी है। नागरिकों ने बताया कि नगर परिषद में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी पचौरी के पास है।

### वसूला राजस्व, निभाओ दायित्व

मामले में नागरिकों का कहना है कि मेले में लगभग 200 दुकानें पांच दिनों तक लगाई गईं। इन सभी दुकानों से नगर परिषद सोहागपुर ने किराया वसूला है, और भारी राजस्व की प्राप्ति नगर परिषद को हुई है। अतः जब नगर परिषद ने राजस्व वसूला है, तो इसके बाद परिसर की सफाई का दायित्व भी निकाय को निभाना चाहिए। बताया जाता है कि दुकानों सहित झूले वालों से नगर परिषद सोहागपुर को इस वर्ष बड़ी आय हुई है। अतः आय के बदले सेवा प्रदान करना निकाय का दायित्व है।

## तेज रफ्तार बाइक ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पांडुखेड़ी के पास आर्डनेंस फैक्ट्री रोड पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए दूसरी बाइक को टक्कर मारने से पिता पुत्र घायल हुए हैं। घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजू पिता अमरसिंह वरकड़े 35 वर्ष, निवासी पांडुखेड़ी, ने बताया कि जब वे सत्संग कॉलोनी के सामने फैक्ट्री रोड से गुजर रहे थे, तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने अपनी गाड़ी को अत्यंत तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भिड़ंत में फरियादी राजू वरकड़े और उनके साथ मौजूद मुन्नालाल उर्फ अमरसिंह वरकड़े 57 वर्ष को चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। फरियादी ने पथरौटा थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पथरौटा पुलिस ने आरोपी अज्ञात चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस अब घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और चश्मदीदों के आधार पर अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

## गूजरवाड़ा रासेयो शिविर के छठवें दिन शरीरिक योगाभ्यास कराकर, स्वास्थ्य की जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्रमांक 01एवं इकाई क्रमांक 2 का विशेष आवासीय शिविर में छठवें दिवस प्रातः दिनचर्या अनुसार प्रभात फेरी के पश्चात महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर राजकुमार पटवा के द्वारा योगाभ्यास व शारीरिक अभ्यास कराया गया, सुबह 11 बजे माखन नगर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आकर सभी शिविरार्थियों, ग्रामीणो और कार्यक्रम अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं सभी का ब्लड सैंपल लेकर जिला लैब में सभी के सैंपल भेजे गये, माखन नगर स्वास्थ्य विभाग से उपस्थिति रही। दोपहर को आयोजित बौद्धिक सत्र में रेहटी महाविद्यालय से आये डॉ पुनीत कुमार मालवी डॉक्टर मनमोहन द्विवेदी एवं डॉक्टर दीपक रजनी , सनी चौहान एवं समाजसेवी यशवंत दुबे राघव उपाध्याय उपस्थित रहे एवं महाविद्यालय वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट डा आई एस कनेश उपस्थित रहे। समस्त सम्माननीय अतिथियों का शिविर दलनायक कुमारी दीक्षा अहिरवार एवं चांदनी यादव ने तिलक लगाकर व रासेयो बैच लगाकर स्वागत किया। रेहटी महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुनीत कुमार मालवीय जो कि पूर्व में नेशनल कैंप में सहभागिता कर चुके हैं उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य उद्देश्यों को विस्तार से बतलाया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना गीत को सामूहिक रूप में गाकर से शिविरार्थियों में एक नई ऊर्जा जागृत की।

## पिपरिया में रमजान माह का शुभारंभ, हर तरफ आस्था और उल्लास का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में पवित्र रमजान माह की शुरुआत श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। मुस्लिम समुदाय द्वारा पूरे जोश और आस्था के साथ रोजे रखने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। 18 फरवरी को चाँद दिखाई देने की पुष्टि के बाद 19 फरवरी से पहला रोज़ा रखा गया।

अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा सेहरी और इफ्तार का समय निर्धारित कर आधिकारिक रूप से जारी किया गया। सेहरी का समय प्रातः 6:28 बजे तक तथा इफ्तार का समय शाम 6:19 बजे तय किया गया है। यह पवित्र माह 10 मार्च 2026 तक चलेगा।

नगर की मदीना मस्जिद और जामा मस्जिद में चाँद दिखने की घोषणा होते ही पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण छा गया। मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा की जा रही है और सुबह-शाम धार्मिक गतिविधियां बढ़ गई हैं।

प्रतिदिन प्रातःकाल मस्जिदों से सेहरी और इफ्तार के समय की घोषणा की जाती है, जिसके अनुसार सभी कार्यक्रम आयोजित होते हैं। नगर पालिका परिषद सहित अन्य विभाग भी व्यवस्थाओं को लेकर सक्रिय हैं।

## 27 को करेंगे उग्रप्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक रानी दुर्गावती नगर वार्ड नं. 03 स्थित कार्यालय में हुई। इस बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा और भविष्य की रणनीति पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया कि 27 फरवरी को केसला ब्लॉक में सरकारी स्कूलों की बदहाल और जर्जर स्थिति के साथ-साथ गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब के विरोध में उग्र प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। युवाओं ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार और नशामुक्ति को अपनी प्राथमिकता बताया है।

### संगठन का विस्तार नई नियुक्तियां

संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें देवीराम धुर्वे जिला महामंत्री, अर्जुन मरकाम तहसील प्रभारी, अभिषेक तुमराम सहायक संगठन मंत्री, मेघ बरकड़े ग्राम अध्यक्ष खटामा को नई जिम्मेदारी सौंपी गई।संचालन नगर प्रवक्ता विवेक युवने ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आकाश कुशराम, प्रदेश प्रवक्ता विनोद बड़ीवा, सरपंच जितेंद्र इवने, जिला मीडिया प्रभारी बंटी भल्लावी, और तहसील अध्यक्ष शिवम उइके सहित शिवलाल उइके, सचिन प्रधान, सुनील परते, गुरु भल्लवी, विशाल टेकाम, साहिल उइके, रोशन धुर्वे, अभिषेक उइके आदि मौजूद रहे।

## जंगली सूअर का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वन विभाग की टीम ने अवैध शिकार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो शिकारियों को जंगली सूअर के मांस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मातापुरा उपपरिक्षेत्र के बीट टांगना के कंपार्टमेंट नंबर पीएफ-169 में की गई।

डिप्टी रेंजर ऋषि कुलपारिया ने बताया कि विभाग को क्षेत्र में अवैध शिकार की सूचना मिली थी। घेराबंदी के दौरान शुक्रवार को टीम ने मंगल पिता पुन्नू और दिनेश पिता छोटे लाल (दोनों निवासी ग्राम टांगना) को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 7 किलो जंगली सूअर का मांस बरामद हुआ।

### न्यायालय ने भेजा जेल

वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शनिवार को दोनों आरोपियों को इटारसी न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर दोनों शिकारियों को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के शिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## बागरा रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव के लिए पदयात्रा, रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बागरातवा रेलवे स्टेशन से लगे माखननगर शहर सहित लगभग 64 पंचायतों के,140 गांव के ग्राम वासियों को बागरा स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज से जबलपुर और इटारसी की ओर जाने वाली ट्रेन से यात्रा का लाभ मिलता था । लेकिन कोरोना काल के बाद अनेक ट्रेन के स्टॉपेज यहां बंद कर दिए गए क्षेत्र की बड़ी आबादी को न्यायिक कार्यों हेतु हाई कोर्ट ऑफ़ मध्य प्रदेश जबलपुर, स्वास्थ्य उपचार हेतु नागपुर, प्रशासनिक एवं शासकीय कार्यों के लिए राजधानी भोपाल तथा उच्च शिक्षा एवं व्यवसायिक कार्यों के लिए इंदौर कोई सीधी ट्रेन नहीं है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है जहां प्रतिदिन छोटे छोटे व्यापारी ट्रेनों से यात्रा कर अपना व्यापार मजदूर वर्ग मजदूरी करने आता जाता था अब उन्हें बस मार्ग से यात्रा करना पड़ रहा है कोरोना काल से पूर्व अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनों का यहां ठहराव होता था, जिससे नागरिकों को अत्यंत सुविधा मिलती थी। यहां कई टाइल्स फैक्ट्री थी ट्रेन स्टॉपेज नहीं होने के कारण बंद हो गई क्षेत्र के लोग बेरोजगार हुएहै। पुनः निम्न ट्रेनों का बागरातवा स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित किया जाना जनहित में आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में बढ़ते औद्योगिक विकास एवं कृषि उत्पादन (विशेषकर खाद एवं कृषि सामग्री की आपूर्ति) को दृष्टिगत रखते हुए स्टेशन पर रेक प्वाइंट की स्थापना अति आवश्यक है, जिससे स्थानीय किसानों एवं व्यापारियों को सीधा लाभ मिल सके तथा परिवहन लागत में कमी आए। **इन ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की है:** जबलपुर की ओर जाने बाली ट्रेनें 22191 इंदौर-जबलपुर ओवर (नाईट एक्सप्रेस),12159 जबलपुर-अमरावती (अमरावती एक्सप्रेस),11463 सोमनाथ-जबलपुर (जबलपुर एक्सप्रेस),11271 इटारसी-बीना भोपाल (विंध्याचल एक्सप्रेस),12854 भोपाल-दुर्ग (अमरकंटक एक्सप्रेस), हज़रत निजामुद्दीन-जबलपुर (श्रीधाम एक्सप्रेस)

**इटारसी की ओर जाने बाली ट्रेंनें:**22192 जबलपुर-इंदौर (ओवर नाईट एक्सप्रेस),12853 दुर्ग-भोपाल (अमरकंटक एक्सप्रेस),11272 भोपाल-बीना-इटारसी (विंध्याचल एक्सप्रेस),11464 जबलपुर-सोमनाथ (वेरावल एक्सप्रेस),12192 जबलपुर-हज़रत निजामुद्दीन (श्रीधाम एक्सप्रेस),12160 जबलपुर-अमरावती (अमरावती एक्सप्रेस)

**आधारभूत सुविधाओं का विकास भी अति आवश्यक है**—प्लेटफॉर्म का विस्तार एवं ऊँचाई मानक के अनुसार सुधार,यात्री प्रतीक्षालय की समुचित व्यवस्था,स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता,महिला एवं पुरुष शौचालय की उचित व्यवस्था,प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण जनहित को दृष्टिगत रखते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत यादव मोनू के नेतृत्व में पंडित माखनलाल चतुर्वेदी को पुष्पांजलि कर पदयात्रा शुरू की रास्ते मेव ग्राम वासियों ने ट्रेन स्टॉपेज की मांग का समर्थन किया और पदयात्रा में शामिल हुए आंख मऊ गुर्जर वाडा मानेगांव बागरा में नुक्कड़ सभा कर आम जनता को संबोधित किया और बागरा पहुंचकर। उषा नायडू प्रभारी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिवाकांत पांडे जिला अध्यक्ष राजकुमार केलु उपाध्याय प्रदेश महासचिव पुष्पराज पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी जिला किसान कांग्रेस जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह यशवंत सिंह राजपूत जनप्रतिनिधि पार्टी के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता के साथ रविवार बागरा पहुंचकर रेल प्रबंधक बेस्ट सेंट्रल रेलवे जबलपुर मंडल के नाम स्थानीय स्टेशन मास्टर को मांगों पर शीघ्र एवं सकारात्मक कार्यवाही करने के रविवार को ज्ञापन सोपा अति शीघ्र ट्रेनों के स्टॉपेज शुरू नहीं किए गए तो कांग्रेस पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी। इस संबंध में प्रभारी मप्र कांग्रेस कमेटी से उषा नाउडू ने बताया कि कोरोना काल के बाद संपूर्ण भारत रेल मंत्रालय ने रेल सेवाएं शुरू कर दी लेकिन यहां के विधायक सांसद के उदासीन रवैये कारण ट्रेन के स्टॉपेज नहीं है भाजपा को रेल मंत्री से मिलकर सुविधा दिलाना चाहिए।

### ई-उपार्जन पोर्टल पर चना और मसूर का पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से चना एवं मसूर का पंजीयन प्रारंभ हो गया है, जो 16 मार्च तक चलेगा। चना एवं मसूर का पंजीयन गेंहू पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने चना एवं मसूर की बुवाई की है, वे शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर पंजीयन हेतु निर्धारित लिंक से स्वयं के मोबाईल, कम्प्यूटर तथा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय के सुविधा केंद्र, सहकारी, विपणन समिति द्वारा संचालित केंद्र अथवा एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल है।

**आम सूचना**

फर्म SHRI DURGA FUEL CENTRE के भागीदार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म का पंजीयन कार्यालय रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं भोपाल में पंजीयन क्रमांक 01/07/10/0222/21 दिनांक 12 अक्टूबर 2021 पर पंजीयत है। उक्त फर्म में पंजीयत भागीदार विलेख कि 21.09.2021 में भागीदार क्रमांक 1 श्री अनिल कुमार बोन्दाला (ANIL KUMAR BONDALA) भागीदार क्रमांक 2 श्री महेन्द्र यादव एवं भागीदार क्रमांक 3 श्री नितेश कुमार मालवीय है। फर्म में निष्पादित संशोधित भागीदारी विलेख दिनांक 16.2.2026 को भागीदार श्री महेन्द्र यादव एवं श्री नितेश कुमार मालवीय द्वारा अपने निजी कारणों से फर्म से सेवानिवृत्ति ले ली है तथा उक्त दिनांक को ही श्रीमति मीनाक्षी बुन्देला को नये भागीदार के रुप में विधिवत रूप से सम्मिलित कर लिया है। यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त परिवर्तन हेतु हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेट (HPCL) से दिनांक 11/02/2026 को आवश्यक अनुमति प्राप्त हो चुकी है।

अतः उपरोतानुसार अब से भागीदारी फर्म का संचालन भागीदार श्री अनिल कुमार बोन्दाला (ANIL KOMAR BONDALA) एवं श्रीमति मीनाक्षी बुन्देला द्वारा किया जावेगा। सर्वसाधारण को सूचित हो।

श्री दुर्गा फ्यूल सेन्टर पार्टनर
श्रीमति मीनाक्षी बुदेवा
अनिल कुमार बोन्दाला

### नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए विश्राम स्थल बनाने पर चर्चा जारी

# मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्णता उपरांत,भंडारा हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर निवासी दो रेवाभक्तों ने पिछले दिनों सपरिवार मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण की है। परिक्रमा पूर्णता उपरांत रविवार को दोनों भक्तों पंडित धनराज तिवारी तथा संजय खंडेलवाल व परिजनों ने रेवा बनखेड़ी नर्मदा घाट पर भंडारा आयोजन किया। जहां भक्तों ने प्रसादी प्राप्त की।

क्षेत्रीय शिक्षाविद् पंडित धनराज तिवारी एवं श्री राम जन्मोत्सव समिति के वरिष्ठ सदस्य संजय खंडेलवाल ने बताया कि गत दिनों ही उन्होंने सपरिवार मां नर्मदा की परिक्रमा करने का पुण्य प्राप्त किया है। परिक्रमा पूर्णता उपरांत रविवार को रेवा बनखेड़ी घाट पर मां नर्मदा का पूजन किया गया। इसके उपरांत मां को प्रसादी अर्पित कर भंडारा आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में खंडेलवाल तथा तिवारी परिवार के परिजनों, परिचितों व साथियों ने पहुंचकर मां नर्मदा में स्नान किया, पूजन किया एवं प्रसादी प्राप्त की है। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, क्षेत्रीय आध्यात्मिक संत पंडित प्रकाश मुद्गल, वरिष्ठ समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, अधिवक्ता बीके शर्मा, अभय खंडेलवाल, सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, रामगोपाल चौबे, कपिल शर्मा, अंशू जायसवाल, दयाराम छाबड़िया, प्रशांत बसेड़िया, अरविंद चौरसिया, संजय दीक्षित, शारदेंदु चौधरी, युकां नेता ऋषभ दीक्षित, सनफ्लॉवर स्कूल डायरेक्टर दीपक साहू सहित सैकड़ों नागरिकों ने उपस्थिति दी।



भंडारा प्रसादी वितरण दौरान मौके पर उपस्थित आम नागरिकों में इस बात को लेकर चर्चा हुई कि सोहागपुर शहर में एक विश्राम स्थल निर्माण की आवश्यकता है। जहां नर्मदा परिक्रमा करने वाले लोग रात्रि विश्राम कर सकें। विशेष रूप से मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा करने वालों के लिए रात्रि में शहर में विश्राम स्थल आवश्यक है। जिसे लेकर कुछ दिनों से नगर में चर्चाओं का दौर भी जारी है। नागरिकों का कहना है कि जन सहयोग से विश्राम स्थल बनाया जाए तो आर्थिक सहयोग करने को भी सहमत हैं। यद्यपि कुछ लोगों का कहना है कि सोहागपुर शहर में कुछ रिक्त शासकीय भवन हैं। नगर परिषद की ओर से इन पुराने शासकीय भवनों का सुधार कर इनमें विश्राम स्थल निर्मित किया जा सकता है। जहां जन सहयोग से रात्रि विश्राम करने वाले नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए चाय व भोजनादि की व्यवस्था की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### शिव शक्ति महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**रहटगांव।** क्षेत्र में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। रहटगांव द्वारा एक कुंडात्मक शिव शक्ति महायज्ञ एवं भगवान श्री नृसिंह जी, श्री दुर्गा माता तथा श्री शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और हवन की पवित्र ध्वनि गूंजती रही। महायज्ञ में विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं हवन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। आयोजन समिति द्वारा सभी आगंतुकों के लिए प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों ने वर्मा परिवार की सराहना करते हुए इसे धार्मिक जागरण और सामाजिक एकता का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। यह महोत्सव क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संदेश देकर संपन्न हुआ।

### ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**हरदा।** शनिवार रात 8 बजे रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना शहर की देव कॉलोनी के सामने स्थित रेलवे टीआरडी ऑफिस के पिछले हिस्से में डाउन रेलवे लाइन पर हुई। मृतकों की पहचान देव कॉलोनी निवासी गणेश शर्मा (62) और विकासनगर निवासी रितिक धार्मिक (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों दोस्त रेलवे लाइन पार कर देव कॉलोनी की ओर आ रहे थे, तभी अचानक वे ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। फिलहाल, दोनों शवों को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हसनाबाद में आयोजित की जा रही है श्रीमद भागवत कथा

**सीहोर।** हसनाबाद में सुख समृद्धि उन्नति और कल्याण के उद्देश्य से ग्राम वासियों के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा वाचक सुश्री रितिका नागर के द्वारा ग्राम वासियों को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा आयोजन में पहुंचकर अखिल भारतीय धाकड़ युवा संघ के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र नागर और समाजसेवी शेट्टी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा वाचक रितिका नागर का अंगवस्त्रम पुष्प भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

वार्षिकोत्सव, आंचलिक साहित्यकार सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन

## मप्र लेखक संघ के साहित्यकारों का चुनौतीपूर्ण दायित्वः गट्टानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



साहित्य में आए प्रदूषण को दूर कर सत साहित्य का सृजन कर समाज को दिशा देना है। मध्य प्रदेश लेखक संघ के साहित्यकारों का चुनौतीपूर्ण दायित्व है। यह विचार रविवार को मध्यप्रदेश लेखक संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने हरदा इकाई के वार्षिकोत्सव, आंचलिक साहित्यकार सम्मेलन और सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। साहित्यिक प्रभामंडल और मध्यप्रदेश लेखक संघ विषय पर बोल रहे थे। गट्टानी देश के प्रख्यात व्यंग्यकार और मंचीय कवि हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरीशंकर मुकाती के द्वारा की गई। उन्होंने साहित्यकारों से अपने अंचल की भाषा, रीति-रिवाजों, सामाजिक परिस्थितियों से गहराई से जुड़कर लोकधर्मी सृजन करने की अपील की। यह कार्यक्रम हरदा स्थित उन के निवास कार्यालय में ही आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार और समाजसेवी मेजर डा. प्रभुशंकर शुक्ल द्वारा समाज की सर्वांगीण उन्नति के लिए साहित्यकारों द्वारा सजग रह कर सत साहित्य सृजन की आवश्यकता प्रतिपादित की गयी। कार्यक्रम की अतिथि डा.सोनिया मोढ़ ने शिक्षा की गुणवत्ता और उपादेयता के लिए साहित्य की आवश्यकता और महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्रदेश इकाई द्वारा हरदा जिला इकाई के अध्यक्ष जी आर गौर, वरिष्ठ साहित्यकार रतनसिंह सोलंकी और क्षणिका सम्राट रमेश भद्रावले को सम्मानित किया गया। जिला इकाई द्वारा भी अपने वरिष्ठ संरक्षक अशोक नेगी, बृजमोहन अग्रवाल सदस्यों, बालमुकुंद ओझा, रेखा विश्नोई को सम्मानित किया गया। प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने हरदा इकाई की सहमति से गीतकार सुभाष सिटोके को जिला इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया। जिस का सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन गोकुल गौर विभोर एवं कपिल दूबे द्वारा किया गया तथा सुमधुर सरस्वती वंदना सुभाष सिटोके द्वारा प्रस्तुत की गई। बौद्धिक सत्र और सहभोज के उपरांत सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कवियों ने अपनी प्रतिनिधि रचना का पाठ किया। अंत में भोपाल से आए कवि पंकज पराग और प्रदेशाध्यक्ष गट्टानी ने भी रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जिले के प्रहलाद शर्मा, पवन तिवारी, अखिलेश पाराशर आदि भी उपस्थित रहे।

## भाकिसं ने रूपरेखा तय की 27 को आंदोलन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव द्वारा आगामी 27 तारीख को हरदा आंदोलन को लेकर रूपरेखा तय की गई। सभी पदाधिकारी को जवाबदारी सौंपी गई। इसके चलते रविवार को रहटगांव कृषि उपज मंडी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। हरदा जिले की प्रमुख समस्याएं एवं मांगे इस प्रकार है। सरकार की चुनावी घोषणा अनुसार रवि सीजन में गेहूं 2700 रुपए प्रति कुंटल खरीद जाए। मक्का खरीदी की फसल समर्थन मूल्य पर की जाए मोरन गंजाल परियोजना का कार्य शीघ्र चालू किया जाए। इन सभी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ जिला हरदा 27 तारीख को कृषि उपज मंडी हरदा विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सभी किसान संघ तहसील कार्यकर्ता एवं तहसील अध्यक्ष तहसील मंत्री संभागीय सदस्य सभी लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

## बोरपानी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**रहटगांव।** बोरपानी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय शाह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने वक्तव्य के माध्यम से खिलाड़ियों को मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में बैतूल, हरदा,और खंडवा जिले के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रथम पुरस्कार 11,000 रुपये और द्वितीय पुरस्कार 7,000 रुपये था।इस प्रतियोगिता का आयोजन सफल रहा और सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन व खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर पार्षद सुनील दुबे , भाजपा जिला उपाध्यक्ष गयाप्रसाद पांडे, वरिष्ठ नेता हरिओम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश इवने, सरपंच बोरपानी प्रेम इवने और आयोजन समिति के सदस्यगण एवं सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।



"जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना गांव" के नारों से गूंजा परिसर, महिलाओं ने जमकर किया विरोध प्रदर्शन

# 100 आदिवासी महिलाएं पहुंची गोपालपुर थाने शराबबंदी की मांग को लेकर घेराव किया

आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता देवीसिंह दुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। महिलाओं ने थाना प्रभारी से स्पष्ट मांग की कि ग्राम पिपलानी और फांडकी में कच्ची-पक्की शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





नशे के खिलाफ आदिवासी महिलाओं का गुस्सा शनिवार को सड़कों पर दिखाई दिया। गोपालपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपलानी और फांडकी की करीब 100 आदिवासी महिलाएं चार ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सीधे थाने पहुंचीं और घेराव कर शराबबंदी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर स्पष्ट संदेश दिया—"कुछ पल का नशा, सारी उम्र सजा" और "जन-जन का यही संदेश, नशा मुक्त हो अपना गांव।" महिलाओं का आरोप है कि ग्राम पिपलानी और फांडकी में खुलेआम कच्ची और देशी शराब की बिक्री हो रही है। इससे गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब के नशे में पुरुष आए दिन घरों में विवाद करते हैं, महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं और कभी-कभी जानलेवा हमला तक कर देते हैं। कई मामलों में चूल्हे की जलती लकड़ी, पत्थर और दरांती जैसे औजारों से हमला करने की घटनाएं सामने आई हैं। महिलाओं का कहना है कि शराब के कारण कई परिवार तबाह हो चुके हैं और कुछ मामलों में महिलाओं की जान भी जा चुकी है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शराब और राजश्री गुटखे की उपलब्धता से छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की लत में फंस रहे हैं। इससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। महिलाओं ने कहा कि गांव की आर्थिक स्थिति भी शराब के कारण प्रभावित हो रही है। मेहनत की कमाई नशे में खर्च हो रही है, जिससे परिवार कर्ज और अभाव की स्थिति में पहुंच रहे हैं। इस दौरान आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता देवीसिंह दुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। महिलाओं ने थाना प्रभारी से स्पष्ट मांग की कि ग्राम पिपलानी और फांडकी में कच्ची-पक्की शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो महिलाएं व्यापक आंदोलन करेंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी गोपालपुर थाना क्षेत्र के इटावा, इटारसी सहित अन्य गांवों की महिलाओं ने शराबबंदी को लेकर ज्ञापन सौंपे थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पुलिस और प्रशासन की कथित लापरवाही के कारण अवैध शराब का कारोबार बेखौफ जारी है। शनिवार को थाने के बाहर महिलाओं का शांतिपूर्ण प्रदर्शन प्रशासन के लिए चेतावनी की तरह देखा जा रहा है। ग्रामीण अंचल में बढ़ते नशे के खिलाफ महिलाओं की यह एकजुटता सामाजिक बदलाव का संकेत मानी जा रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस और प्रशासन इस जनआक्रोश को गंभीरता से लेते हुए क्या कार्रवाई करते हैं या फिर महिलाओं को अपने आंदोलन की राह पर आगे बढ़ना पड़ेगा। नशे के खिलाफ उठी यह आवाज केवल दो गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में फैलते सामाजिक संकट की ओर इशारा कर रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह आंदोलन व्यापक रूप ले सकता है।

## 30 हजार से ज्यादा वाहन मालिक और लाइसेंसधारियों को अब मिलेंगे स्मार्ट कार्ड

**सीहोर।** जिले में पिछले एक साल में 30,000 से ज्यादा वाहन मालिकों और ड्राइविंग लाइसेंस धारकों से स्मार्ट कार्ड शुल्क के रूप में 200-200 रुपए वसूले गए थे, लेकिन किसी को कार्ड नहीं मिला। अब परिवहन विभाग ने निर्णय लिया है कि इन सभी आवेदकों को बिना दोबारा शुल्क लिए स्मार्ट कार्ड दिए जाएंगे। पिछले साल अक्टूबर से पूरे राज्य में वाहन पंजीयन और लाइसेंस के लिए सिर्फ ई-कार्ड की पीडीएफ जारी की जा रही थी। इसका वाहन मालिकों और लाइसेंसधारियों ने विरोध भी किया था। स्मार्ट चीप कंपनी का टेंडर खत्म होने के कारण पंजीयन करवाने वाले वाहन मालिकों और लाइसेंसधारियों के कार्ड बनना बंद हो गए। परिवहन विभाग एक साल से कार्ड बनाने के नाम पर 200-200 रुपए ले रहा है। बता दें कि भोपाल में परिवहन विभाग ने एक कंपनी को स्मार्ट कार्ड बनाने का टेंडर जारी किया है। यह कंपनी शुरुआत में पहले उन वाहन मालिकों और लाइसेंसधारियों के कार्ड जारी करेगी, जिन्होंने पूर्व में राशि जमा कर दी है। इन लोगों को वर्ष 2026 में स्मार्ट कार्ड देने का लक्ष्य तय किया गया है। बता दें कि जिला परिवहन कार्यालय में हर महीने 1,000 से ज्यादा लाइसेंस, 2,000 से ज्यादा वाहन पंजीयन और ट्रांसफर होते हैं। एक साल में यह आंकड़ा 30,000 के पार चला जाता है।

## शिविर लगाकर किया गया 571 बच्चों का टीकाकरण


**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 20 फरवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 386 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 185 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 75 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



कथा में धूमधाम से मनाया भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव, श्रद्धालु उमड़े

# जब-जब दैत्यों का अत्याचार बढ़ा, तब धरती पर भगवान ने अवतार लिया : पूजा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी





समीपस्थ ग्राम ककरदा मे चल रही भागवत कथा के चोथे दिन कथा वाचक पूजा शर्मा ने कहा पृथ्वी पर जब-जब दुष्टों का प्रभाव पड़ता है तब तक दुष्टों के संहार करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं जब जब धरती पर दैत्यों का अत्याचार बड़ा तब-तब भगवान ने अवतार लेकर दैत्यों का संहार किया।

उक्त बातें ककरदा के मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पुजा शर्मा ने कहते हुए कहा कि भगवान कृष्ण के साथ-साथ श्री राम जन्म की मंगलमय कथा सुनाई भगवान के दोनों अवतारों में फर्क इतना है कि मैं राम जी के चरित्र को जीवन में उतार कर उनके चरित्र पर चलना चाहिए जबकि कृष्ण के चरित्र का चिंतन करना चाहिए जब-जब रावण और कंस का अत्याचार बड़ा भगवान राम और कृष्ण बनकर प्रकट हुए और उनका उद्धार किया। आज कृष्ण जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से भक्तो ने मनाया मनाया आतिशबाजी के साथ नन्ने कृष्ण के जन्मोत्सव मे पुजा शर्मा के मधुर भजनो पर माता बहने यूवा पूरूष बच्चे झूम उठे वासुदेव रुपी अरविंद जाट जब नन्हे बालक वेदानस चौहान रूपी श्री कृष्ण को टोपले में लेकर पांडाल में प्रवेश किया तो चारों और पुष्प वर्षा होने लगी और पूरा पांडाल नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों से गुंजायमान हो उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष भागवत कथा मे आसपास के गांव से कथा का श्रवण किया आज की कमल पटेल सहपत्नी की आरती की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत ग्राम नीलकंठ में क्लस्टर स्तरीय शिविर संपन्न



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनसमस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले में "संकल्प से समाधान" अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सुशासन, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। इसी क्रम में अभियान के तहत भैरूंदा जनपद की नीलकंठ ग्राम पंचायत में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि "संकल्प से समाधान" अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है।